भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3815
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उदयपुर में पर्यटन योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि

3815. डॉ. मन्ना लाल रावत:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राजस्थान, विशेषकर उदयपुर जिले को, जहां पर्यटन स्थलों और पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल बहुतायत में हैं, कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) राजस्थान में पर्यटन अवसंरचना में सुधार लाने तथा सतत एवं जवाबदेही पर केन्द्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त जिले में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उदयपुर जिले को अधिक धनराशि आवंटित की जाएगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राजस्थान राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के दिशानिर्देशों के तहत राजस्थान राज्य में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

उपरोक्त योजनाओं के तहत राजस्थान राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति एवं निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा उदयपुर में पर्यटन योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3815 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(i) राजस्थान राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	मरुस्थल परिपथ 2015-16	सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास	50.01
2.	कृष्ण परिपथ 2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास	75.80
3.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास	87.05
4.	विरासत परिपथ 2017-18	विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास	70.61

(ii) राजस्थान राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृति की तिथि**	**स्वीकृत लागत**
1.	बूंदी (राजस्थान)	आध्यात्मिक एक्सपीरियंस, केशोरायपाटन	29-02-2024	17.37

(iii) राजस्थान राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि
1.	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	2015-16	32.64
2.	श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर का विकास	2024-25	22.58

(iv) राजस्थान राज्य में 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति की तिथि	स्वीकृत राशि
1.	श्री तनोट कॉम्प्लेक्स, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास	05-07-2022	17.68
2.	नवल सागर झील, बूंदी में म्यूजिकल फाउंटेन और वॉटर स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रोजेक्शन शो की स्थापना	04-10-2023	9.26

(v) राजस्थान राज्य में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि
1.	जयपुर में आमेर - नाहरगढ़ और निकटवर्ती क्षेत्र का विकास	2024-25	49.31
2.	जयपुर में जलमहल का विकास	2024-25	96.61

*****